दिनांक : 27.04.2045

समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर भेजने के निर्देश दिए।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम में लोगों से विचार साझा करेंगे।
- इंदौर में आज एमपी टेक ग्रोथ 2025 का आयोजन, मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ।
- भोपाल में चल रही निशानेबाजी स्पर्धा में राज्य खेल अकादमी के निशानेबाजों ने जीता कांस्य पदक।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गृह मंत्रालय से जारी निर्देशों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पाकिस्तानी वीजा धारक नागरिकों को चिन्हित कर गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गाइडलाइन अनुसार वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को प्रदेश से बाहर करना सुनिश्चित हो।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्यप्रदेश में एक अच्छा निर्णय लेते हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्देश पूर्व सरकारों में प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किए गए जिनका समुचित पालन नहीं हो रहा था। जनप्रतिनिधियों को यथोचित सम्मान देने की परम्परा और नियम दोनों ही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारित संदेशों और वीडियो पर सतत दृष्टि रखने के निर्देश दिए।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 121वां एपिसोड होगा।

कार्यक्रम का प्रसारण पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

वेव्स

विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन- वेव्स 2025 पहली से चार मई तक मुंबई में आयोजित होगा। शिखर सम्मेलन में भारत मंडप में देश की विरासत और वैश्विक मीडिया तथा मनोरंजन परिदृश्य के बढ़ते प्रभाव का प्रदर्शन होगा। कला से कोड विषय पर आधारित इस मंडप में भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम यानी दुनिया एक परिवार है' की भावना प्रदर्शित होगी। भारत मंडल के केंद्र में चार क्षेत्र आगंतुकों को भारतीय कहानी सुनाने की परंपराओं से अवगत कराएंगे। इनमें श्रुति - वैदिक मंत्रों और लोकगीत, शास्त्रीय संगीत, रेडियो और बोले गए शब्दों तक मौखिक परंपराओं पर प्रकाश डालती है। कृति - लिखित विरासतों पर प्रकाश डालती है, गुफाओं में की गई चित्रकला और ताड़-पत्र पांडुलिपियों, प्रिंट मीडिया, साहित्य और आधुनिक प्रकाशन के विकास तक की यात्रा की जानकारी देती है। दृष्टि - प्राचीन नृत्य शैलियों, कठपुतली और लोक रंगमंच, भारत के फलते-फूलते सिनेमा, टेलीविजन, डिजिटल और कहानी को सरलता पूर्वक अभिव्यक्ति की खोज, क्रिएटर लीप - अत्याधुनिक तकनीक के साथ कहानी कहने का भविष्य प्रदर्शित करना है।

वैष्णव-रोजगार मेला

केंद्रीय रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और कार्मिक राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कल नई दिल्ली में 15वें रोजगार मेले के अंतर्गत विभिन्न विभागों में चयनित नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने नवनियुक्तों को बधाई देते हुए कहा कि नव-चयनित कर्मचारी, भारत सरकार के उन पदों पर काम करेंगे जो देश के भविष्य को आकार देंगे। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, देश भर में 47 स्थानों पर 15वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए रोजगार मेला में नव नियुक्त कर्मियों ने सरकार के प्रति आभार जताया। उन्होंने ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का वादा किया।

एमपी टेक ग्रोथ कान्क्लेव 2025

इंदौर में आज एमपी टेक ग्रोथ कान्क्लेव 2025 का आयोजन होगा। कान्क्लेव में देश के आईटी उद्यमों, स्टार्टअप्स, यूनिकॉर्न कंपनियों और इनोवेशन हब्स के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन स्थल पर अत्याधुनिक तकनीकी प्रदर्शनियों, पैनल चर्चाओं और स्टार्टअप पिचिंग सेशन्स का आयोजन भी किया जाएगा।

इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर सहित प्रदेश के ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल के टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों और निवेशकों से संवाद किया। उन्होंने प्रदेश में तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

एनटीए-प्लेटफॉर्म

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2025 के बारे में संदिग्ध दावों की रिपोर्ट के लिए एक समर्पित प्लेटफॉर्म की शुरूआत की है। एजेंसी ने अभ्यर्थियों को गलत काम करने और झूठे दावों के साथ परीक्षार्थियों को धोखा देने की कोशिश करने वाले बेईमान लोगों के बहकावे में न आने का परामर्श दिया है। एजेंसी ने परीक्षार्थियों से इस तरह की भ्रामक जानकारी और इसे फैलाने वाले लोगों की रिपोर्ट 4 मई को शाम 5 बजे तक एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट पर करने का भी अनुरोध किया है।

शूटिंग

भोपाल में चल रही 23वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप-2025 में खेल अकादमी की नैन्सी सोलंकी, मानवी जैन और चिंकी यादव ने 25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल सीनियर महिला टीम ने अच्छा खेल प्रदर्शन कर कांस्य पदक अपने नाम किया है। 05 मई तक शूटिंग चैम्पियनशिप चलेगी।

वहीं कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप-2025 में खेल अकादमी के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 03 स्वर्ण पदक जीते। पोल वोल्ट में देव मीणा ने 5.35 मी छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया। महिला 3000 मी. स्टीपलचेस में मंजू यादव ने स्वर्ण पदक जीता।

शॉट-पुट इवेन्ट में समरजीत सिंह ने शॉट-पुट इवेन्ट में 19 दशमलव 34 मी. दूर गोला फेंक कर स्वर्ण पदक जीतकर एशियन गेम्स-2026 जापान के लिए पात्रता प्राप्त की।

मौसम

प्रदेश में कुछ स्थानों पर कल हल्की बारिश हुई वहीं छिंदवाड़ा और शिवपुरी में लू का असर रहा। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान खजुराहो में चवालिस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज सुबह तक के लिए प्रदेश के व्यापक भूभागों में कहीं कहीं बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। कुछ स्थानों पर तेज आंधी के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

समाचार संक्षेप में ......

डिंडोरी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री सम्पतिया उइके की अध्यक्षता में कल विभागीय समीक्षा बैठक हुई जिसमें सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते] शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे भी उपस्थित रहे।

आगरमालवा जिले के ग्राम सेमलखेड़ी में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा भ्रमण कर कृषक श्यामसिंह सिसोदिया के खेत में नरवाई प्रबंधन विधि को देखा।

श्योपुर जिले में कल विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर जिला पशु चिकित्सालय श्योपुर में निशुल्क पशु चिकित्सा उपचार एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया

रायसेन जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सभागार में कल पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बैतूल जिले में कल जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ताप्ती नदी पर स्वच्छता अभियान एंव मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया।

उमरिया जिले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में कल वन अधिकारियों की एक दिवसीय गिद्ध गणना कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मंदसौर जिले में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय सहित तहसीलों में किया जाएगा

मंडला में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट ने विकासखंड नारायणगंज के विभिन्न ग्रामों के भ्रमण के दौरान कंटूर ट्रेंच आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

खण्डवा जिले में विधायक कंचन तनवे ने रैपिड रेटिंग मध्यप्रदेश चयन ओपन सीनियर शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

खरगोन जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र में कल रात दो बाइक की टक्कर में एक बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गये।

-------